पंजाब केसरी 09/04/2023

# लैंगिग समानता पर जी.एम.एन. कालेज में किया रैली का आयोजन

अम्बाला छावनी, 8 अप्रैल (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के मनोवैज्ञानिक विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग व वूमैन सैल और एस.डी.जी क्लब की ओर से लैंगिक समानता रैली का आयोजन किया गया।



*कालेज में आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाती कार्यवाहक प्राचार्या।* (चंद्रमोहन)

इस रैली को कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल ने हरी झंडी देकर रवाना करते हुए कहा कि सभी महिला एवं पुरुष को समान अधिकार है, सभी को आर्थिक भागीदारी एवं निर्णय प्रक्रिया में समान रूप से देखा जाता है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय ऐसी जागरूकता के लिए रैली, पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यों के माध्यम से पहल करता है, जिससे कि सभी सामाजिक बुराइयों का अंत और एक सभ्य समाज की स्थापना आरंभ हो सके।

इसी श्रृंखला में मनोवैज्ञानिक विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अनुपमा सिहाग ने कहा कि यह हम सभी की एक संयुक्त जिम्मेदारी हैं और लोगों को जागरूक करना इस रैली का मुख्य उद्देश्य है। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विद्यार्थियों की अहम भूमिका है। इस रैली में 51 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सफल बनाया।